तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 2 अक्टूबर, 2025

14 शहीद नरेश के नाम पर होगा पतरेहड़ी के स्कूल का नाम

14 नन्हे छात्रों ने कार्यक्रम में दिखाई शानदार प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### ओएचई की चपेट में आने से युवक की मौत
**पानीपत।** पानीपत में बुधवार को रेलवे जंक्शन के पास एक युवक ने रेलवे की ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) तार की चपेट में आ गया। युवक की तार से चिपकने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी की जांच में पता चला कि मृत की उम्र करीब 38 साल और मृतक की पहचान नहीं हो पाई। है। हाई वोल्टेज करंट से शरीर के बुरी तरह झुलस गया है। इधर, जीआरपी ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

### इग्नू ने दाखिले की तिथि 15 तक बढ़ाई
**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अक्टूबर कर दिया है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं।

### 10वीं की छात्रा ने जहर खाकर दे दी जान
**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में दसवीं कक्षा की छात्रा ने जहर खा लिया। वहीं हालत बिगड़ने पर परिजन, छात्रा को लेकर निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। इधर, थानेदार बिजेंद्र ने बताया कि परिजनों ने बताया कि छात्रा नाबालिग थी और मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा
**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय लड़की 30 सितंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर वापस नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि उसकी लड़की से गांव लेदा खादर निवासी मिंटू उसकी लड़की को शादी करने का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### लावण्या ने कराटे में जीता गोल्ड
**जींद।** एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल की खिलाड़ी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। छात्रा लावण्या ने अंडर 17 में शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रशासक जिले सिंह श्योकंद, डायरेक्टर डा. नेहा गोयल, प्राचार्य सुरेंद्र राणा ने छात्रा को बधाई दी।

## विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# मैराथन में युवाओं ने दिखाया उत्साह, उमंग के साथ दौड़े

*सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा ने अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया प्रथम रहे तीन लड़कों और तीन लड़कियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों ने जोश और उमंग के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर किया। उन्होंने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल भी युवाओं के साथ जमकर दौड़े

मैराथन में प्रथम स्थान पर रहे तीन लड़कों और तीन लड़कियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक पहुंचने वाले धावकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतिभागियों के चेहरों पर सम्मान पाकर खुशी झलक रही थी। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस अवसर पर युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि इस युवा रन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के महत्व से अवगत कराना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।


अंबाला। मैराथन के विजेता धावकों को सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### खेल और व्यायाम जरूरी
उन्होंने कहा – "फिट शरीर ही सफलता की पहली सीढ़ी है। आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका है और यदि युवा स्वस्थ रहेंगे तो ही राष्ट्र मजबूत और विकसित बन सकेगा। इस दौरान जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी,विवेक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना,गुरविंदर सिंह, अमन सूद,मार्किट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, महामंत्री संजीव गोयल टोनी, युवा मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष अनमोल सोबती, यतिन बंसल,बीनू गर्ग, शैंकी बवेजा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### नेता भी दौड़े
इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि पूर्व मंत्री असीम गोयल और भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने भी युवाओं के साथ दौड़ लगाई। दोनों नेताओं को अपने बीच दौड़ते देख प्रतिभागियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया। उपस्थित युवाओं ने कहा कि जब उनके नेता भी मैदान में साथ उतरते हैं तो उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोगुना हो जाता है। नमो युवा रन ने अंबाला शहर में न केवल फिटनेस और स्वास्थ्य का संदेश दिया बल्कि समाज को नशामुक्ति और सकारात्मक जीवन शैली की ओर प्रेरित किया। हजारों युवाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को भव्य और यादगार बना दिया।

# डोरस्टेप पॉलिसी से किसानों के जोखिम होंगे कम : राणा



■ कृषिमंत्री गांव चनालहेड़ी में किसानों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि डोरस्टेप पॉलिसी मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक स्कीम है, जिसका उद्देश्य किसानों तक उनकी फसल बीमा पॉलिसियों को सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। वे बुधवार को उपमंडल पिहोवा के गांव चनालहेड़ी में किसानों से खरीफ फसल 2025 के सिलसिले सम्बंधित रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना।

इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में माता के मंदिर के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डोरस्टेप पॉलिसी मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ किसानों को सशक्त बनाने, बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने में मदद करता है, जिससे खेती को सुरक्षित और किसानों की आय को स्थिर बनाया जा सके।

### किसान सशक्त होंगे
कृषि मंत्री ने कहा कि इस पॉलिसी को प्रभावित किसानों के घर द्वार तक पंहुचाना है। इसके अतिरिक्त किसानों को फसल बीमा योजना के लाभों और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करके सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी किसानों की फसल के नुकसान के खिलाफ व्यापक बीमा कवरेज प्रदान करती है। किसानों को फसल बीमा के महत्व, दावा राशि की गणना और योजना के लाभों के बारे में भी विस्तृत में बताकर इसका लाभ किसानों को दिया जाता है।

# दो प्रवासियों को वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

■ दवाई लेकर लौट रहे थे नेपाल के रहने वाले दोनों युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के नजदीक छज्जू माजरा में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवीन और शिवचरण के रूप में हुई है। ये लोग डीके पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। हादसा उस समय हुआ जब दोनों भडोग से दवाई लेकर लौट रहे थे। तभी अचानक एक वाहन ने उन्हें तेज रफ्तार से टक्कर मार दी।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पटवी चौकी इंचार्ज के अनुसार उन्हें जैसे ही फोन आया वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। पता चला है कि मृतक नवीन करीब 4 महीने पहले नेपाल से अंबाला आया था। कुछ समय पहले ही वह पिता बना था। उसकी एक तीन से चार महीने की बच्ची है।

### दोनों पोल्ट्री फार्म में करते थे काम
शिवचरण पिछले दस वर्षों से डीके पोल्ट्री फार्म में कार्यरत था। दोनों ही विवाहित थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। पुलिस ने वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## बिजली का खंभा टूटने से लाइनमैन की मौत
**अंबाला।** गोला के समीप खेतों में बने डेरे में बिजली ठीक करते समय अचानक खंभा टूटने से लाइनमैन दीपक की मौत हो गई। दीपक सहयोगी रविंद्र के साथ मौके पर पहुंचा था। जैसे ही दीपक बिजली ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा तो खंभा जड़ से टूट गया।

इसकी वजह से दीपक जमीन पर गिर गया। मौजगढ़ के जितेंद्र कुमार ने बताया कि मौजगढ़. के उसके ताऊ का बेटा दीपक करीब तीन साल से बिजली बोर्ड में लाइनमैन के पद पर काम करता था।

मंगलवार को गोला के समीप खेतों में बने डेरे में बिजली ठीक करने के लिए वह अपने सहयोगी रविंद्र के साथ पहुंचा। यहां खंभा टूटने से नीचे गिरे दीपक की छाती पर खंभा गिर गया। वह खंभे के नीचे दबकर घायल हो गया। दीपक को मुलाना सीएचसी ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## परिवार के पांच सदस्यों की मौत

# अस्थि विसर्जन करने से पहले ही हादसे का शिकार हुआ परिवार, फरीदपुर में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

करनाल के घरौंडा क्षेत्र का गांव फरीदपुर मंगलवार को गहरे शोक और मातम में डूब गया। परिवारजन अपने स्वजन की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार जा रहे थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रास्ते में उनकी कार उत्तर प्रदेश के तितावी पास हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में परिवार के पांच सदस्यों सहित चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गांव फरीदपुर निवासी 51 वर्षीय महेंद्र की बीमारी के चलते सोमवार को मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे परिजन दो गाड़ियों में हरिद्वार के लिए रवाना हुए। परिजनों की इच्छा थी कि महेंद्र की अस्थियां गंगा में प्रवाहित की जाएं। लेकिन घर से निकले हुए अभी आधा घंटा ही हुआ था कि परिजनों को दिल दहला देने वाली खबर मिली,उनकी एक कार हादसे का शिकार हो गई है। कार में महेंद्र की पत्नी, दो बेटे, जीजा और दो बहनें सवार थे। हादसा इतना भयंकर था कि चालक समेत छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वालों में पत्नी मोहिनी (47 वर्ष), जीजा राजेंद्र (61 वर्ष), बहन विम्मी (56 वर्ष), बहन अंजू (45 वर्ष) और बेटा पियूष (19 वर्ष) शामिल हैं। जबकि छोटा बेटा हार्दिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां वह जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है।


घरौंडा। शोक जताती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### गांव में माहौल गमगीन
घटना के बाद गांव फरीदपुर में मातम छा गया। एक ही परिवार के इतने सदस्यों के अचानक चले जाने से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो उठा। लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।परिजनों ने बताया कि मृतक महेंद्र लंबे समय से बीमार थे और उनका बड़ा बेटा पियूष तथा छोटा बेटा हार्दिक अविवाहित थे। पीयूष व हार्दिक पानीपत में दुकान चलाकरपूरे पूरे परिवार की आजीविका कमा रहा था। अब पूरे परिवार में केवल हार्दिक ही जीवित बचा है, जो गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। एक ही परिवार के पांच सदस्य एक साथ चले जाएं, यह किसी भी परिवार के लिए असहनीय दर्द है।

## गोदाम में शार्ट सर्किट होने से लगी आग, सामान जलकर राख

**तरावड़ी।** तरावड़ी में पानी की टंकी व अन्य सामान बनाने वाली फैक्टरी के गोदाम में शार्ट सर्किट होने से भयंकर आग लग गई। इससे करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे इलाके में फैल गईं। आग पर काबू पाने में करनाल व कुरुक्षेत्र की 12 मशीनों को करीब चार घंटे मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड की गाडियां पिछले चार घंटे से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। आग की लपटों से गोदाम का टीन शेड पूरी तरह जल गया और अंदर रखा सारा माल भी खाक हो गया। फैक्ट्री में प्लास्टिक पाइप का काम होता था, जिससे आग और तेज हो गई। मौके पर पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और आसपास के लोगों को वहां से दूर किया। गनीमत रही कि आग लगने के समय लेबर के लोग अंदर नही थे। बुधवार की सुबह 9 बजें ज्योंति आइनांक्स प्राइवेट लिमिटेड के बिजली बोर्ड के आगे बने गोदामों में शार्ट सर्किट होने से अचानक भयंकर आग लग गई।

■ फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को करनी पड़ी मशक्कत


तरावड़ी। गोदाम मे भयंकर आगजनी की तस्वीर

# विदेश भेजने के नाम पर ठगे 33.38 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर नौ युवकों से 33.38 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी शहबाज व मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद साजिद व मोहम्मद चांद पर लगे हैं। आरोपियों ने युवकों को रूस, कजाकिस्तान, यूके व सिंगापुर भेजकर रोजगार दिलवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की बावा कॉलोनी निवासी अश्वनी कुमार ने बताया कि वह कुवैत में काम करने गया था। इस दौरान कंपनी बंद होने पर वह चार अगस्त 2024 को भारत वापस लौट आया। उसने फिर से विदेश जाने का प्लान बनाया। उसने देहरादून स्थित इमीग्रेशन सेंटर के एजेंट उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी शहबाज से मुलाकात की। आरोपी शहबाज ने उसे विदेश भेजने का वायदा किया और शुरुआत में दस हजार रुपये नकद व दस्तावेज ले लिए। इसके बाद देहरादून इमीग्रेशन सेंटर के दफ्तर बुलाया और 20 हजार रुपये ले लिए। इस दौरान आरोपी ने उससे रूस भेजने के नाम पर दो लाख 30 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद शहबाज ने कहा कि पासपोर्ट की फोटो मिलान नहीं हो रहा। इसलिए कोलकाता एंबेसी जाना पड़ेगा। कोलकाता पहुंचने पर काम न होने पर शहबाज ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के मोहम्मद चांद व मोहम्मद साजिद का नंबर दिया। आरोपियों ने उसका साक्षात्कार कराया। चांद ने उसे बिजनेस वीजा भेजा और कहा कि रूस से कजाकिस्तान भेजकर वर्क परमिट लगवाएंगे।

■ तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

## शरदीय नवरात्र के नवमी पर्व पर किया कंजक पूजन और कई स्थानों पर लगे भंडारे

# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना

■ मां बाला सुंदरी और मां शाकुंभरी के मंदिरों में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार को प्रदेशभर में दुर्गा नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। खास बात यह है कि दुर्गा नवमी पर्व पर भी कुछ श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन कर उपवास खोला और मां के मंदिरों में जाकर नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री के दर्शन किए।

वहीं, दुर्गा नवमी के अवसर पर कई स्थानों पर हवन यज्ञ व भंडारों का आयोजन किया गया। इससे एक दिन पहले अधिकांश श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर भी कंजक पूजन कर अपना उपवास खोला था। बुधवार सुबह दुर्गा नवमी पर्व के अवसर पर जिले में मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। इस दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने दुर्गा नवमी पर मंदिरों में मां के दर्शन व पूजन कर अपना उपवास खोला। जबकि कुछ श्रद्धालु जिन्होंने नवमी तक उपवास रखे हुए थे उन्होंने अपने घरों पर कंजक पूजन कर व्रत खोला। श्रद्धालु महीपाल, सुबोध, रविंद्र, कुलबीर सिंह व रविश का कहना है कि वह हर वर्ष आने वाले शरदीय व चैत्र शुक्ल पक्ष के नवरात्रों में मां के नौ दिन तक दुर्गा नवमी तक उपवास रखते हैं। इसके बाद वह दुर्गा नवमी पर ही कंजक पूजन कर उपवास खोलते हैं।



यमुनानगर। दुर्गा नवमी पर्व पर मां दुर्गा के मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइनों में लगे हुए श्रद्धालु और कंजकों को प्रसाद ग्रहण करवाते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### मां के नौवें स्वरूप की पूजा
दुर्गा नवमी के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की।

### कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन
इस दौरान कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी दिव्य दत्त शर्मा ने बताया कि शरद नवरात्र में मां के नौंवे स्वरूप मां सिद्धिदात्री का पूजन करना बड़ा फलदायी है।

### मेले में जुटी भारी भीड
मां शाकूंभरी व मां बालासुंदरी जिले की सीमा स्थित त्रिलोकपुर में चल रहे मां बाला सुंदरी मंदिर के चौदह दिवसीय मेले में बुधवार को हरियाणा, हिमाचल समेत अन्य प्रदेशों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए। वहीं, जिले के साथ लगते यूपी क्षेत्र में सिद्धपीठ मां शाकूंभरी के मंदिर में भी हरियाणा के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की और अपना उपवास खोला।

# प्रिंस हत्या : दो नाबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

■ 27 सितम्बर को आरोपियों ने चाकूओं से गोदकर कर दी थी प्रिंस की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने प्रिंस हत्या मामले में दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने आरोपी मनीष कुमार व राजन कुमार वासीयान गांधी नगर थानेसर तथा आरोपी अनवर पुत्र वासी थानेसर कुरुक्षेत्र तथा गांधीनगर व डेहा बस्ती कुरुक्षेत्र वासी 2 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल तथा रॉड बरामद की है। निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी मनीष और पारस की आपस में रंजिश थी। निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर-17 के एक शोरूम में काम करने वाली लड़की के साथ पहले मनीष की दोस्ती थी। बाद में उसे लड़की के साथ पारस की दोस्ती हो गई। इसी बात को लेकर उनकी आपस में अनबन हो गई थी। करीब 25 दिन पहले भी मनीष और पारस की आपस में कहासुनी हुई थी। इसके बाद मनीष पारस से रंजिश रखने लगा था।

### रंजिश के कारण हत्या
इसी रंजिश के कारण 27 सितंबर को उन्होंने पारस और उसके भाई प्रिंस पर हमला किया था। निरीक्षक ने बताया कि मनीष पारस से रंजीश रखता था और उसके साथ मारपीट करने का मौका तलाश रहा था। मनीष पारस के घर और ड्यूटी पर जाने के समय उसकी रैकी करता था। 27 सितंबर को आरोपी मनीष ने पारस की रैकी की थी।

## खबर संक्षेप



### स्कूल में बच्चों ने रावण का पुतला जलाया

**घरौंडा।** श्री राम इंटरनेशनल स्कूल लाल पूरा में आज बुधवार को रावण दहन का कार्यक्रम बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के मैदान में एक विशाल रावण का पुतला बनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ शिक्षकों ने फूलों से पूजा करके किया। इसके बाद बच्चों ने श्री राम, सीता, हनुमान, जामवंत व रावण के पात्रों की अद्भुत भूमिका से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में श्री राम द्वारा रावण पर बाण चलाते ही रावण का पुतला जल उठा।



### चौ. भरत सिंह स्कूल में मनाया दशहरा पर्व

**इंद्री।** चौ. भरत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैनपुर साधान में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य मे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के रूपों का अभिनय करते हुए रावण दहन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन इतिहास के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई। स्कूल के डायरेक्टर नरेन्द्र डबास ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बुराई चाहें जितना भी विकराल रूप धारण कर ले लेकिन वो सच्चाई को कभी हरा नहीं सकती है।

### न्यायिक अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों के लिए तीन सप्ताह का पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका आयोजन ज्युडिशियल अकादमी, चंडीगढ़ और हरियाणा पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. के. पी. सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित कर मार्गदर्शन किया।

## महिलाओं को लाभ लेने के लिए लाडो लक्ष्मी एप पर पंजीकरण अनिवार्य

# एसडीएम ने रात्रि ठहराव के दौरान फूल कुमारी की मौके पर बनवाई वृद्धा पेंशन

- **लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये**
- **गांव थरोटा में रात्रि ठहराव पर पहुंचे एसडीएम अनुभव मेहता**

एसडीएम अनुभव मेहता ने आमजन की समस्याओं को विस्तार से सुना, इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याएं रखीं, इनमें से कुछ समस्याओं का निवारण मौके पर किया गया जबकि कुछ समस्याओं का अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हाल ही में लाडो लक्ष्मी एप लांच किया गया है। इस ऐप की शुरुआत होने पर काफी महिलाएं पंजीकरण के लिए आगे आई हैं, जिन महिलाओं ने अब तक इस एप पर पंजीकरण नहीं करवाया है, वे दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए एप पर पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण के उपरांत आगामी एक नवंबर से महिलाओं को हर माह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। एसडीएम अनुभव मेहता हरियाणा सरकार के निर्देशों की अनुपालना में मंगलवार को देर सायं रात्रि ठहराव के लिए निसिंग ब्लॉक के गांव थरोटा पहुंचे। यहां उन्होंने गांव वासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर निवारण किया। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत परिवार में एक से अधिक महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा प्रथम चरण के तहत एक लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाभ देने का निर्णय लिया है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अनुभव मेहता ने गांव का दौरा भी किया



देर सायं रात्रि ठहराव में एसडीएम मौके पर योजना का लाभ दिलाते हुए।

### सरपंच ने अधिकारियों का किया स्वागत

*एसडीएम ने बताया, पंजीकरण के लिए स्वयं का तथा परिवार के अन्य सदस्यों का आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र तथा बैंक खाता नंबर अनिवार्य है। रात्रि ठहराव के दौरान सरपंच गुरपिंदर सिंह ने एसडीएम अनुभव मेहता व अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने बारी-बारी से गांववासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याएं रखी गईं। इनमें से कुछ समस्याओं का निवारण मौके पर किया गया जबकि कुछ समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के लिए दिया गया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।*

### समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता

ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एसडीएम अनुभव मेहता के समक्ष रखीं, जिनमें मुख्य रूप से फैमिली आईडी में आय सत्यापन, बुढ़ापा पेंशन, पीपीपी में जन्म तिथि सत्यापन, गांव में खेल मैदान,गांव में नंबरदार नियुक्त करने बारे, विधुर पेंशन , बिजली बिल से संबंधित, डा. भीमराव अम्बेडकर भवन के निर्माण व डेरे का रास्ता पक्का करवाने से संबंधित समस्या शामिल रही। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### एसडीएम ने पात्रों को मौके पर दिलाया योजना का लाभ

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान फूल कुमारी ने अपनी लंबित बुढ़ापा पेंशन से संबंधित समस्या एसडीएम अनुभव मेहता के समक्ष रखी। इस मामले उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम स्थल पर ही समाज कल्याण विभाग द्वारा फूल कुमारी की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई । इस त्वरित और प्रभावी समाधान से भावुक हुई फूल कुमारी ने प्रसन्नता व्यक्त की और एसडीएम अनुभव मेहता का आभार व्यक्त किया।

### समाधान शिविर का फायदा उठाएं आमजन

: एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई की जा रही है तथा समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि समाधान शिविर का फायदा उठाएं व अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पाएं। इस दौरान डीडीपीओ कंचनलता, तहसीलदार निसिंग सुरेश, बीडीपीओ शिखा, एसएचओ



### कल प्रदर्शन करेंगी मिड-डे मील वर्कर्स

**करनाल।** मिड-डे मील वर्कर यूनियन ने घोषणा की है कि तीन अक्तूबर को जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। यह विरोध प्रदर्शन पिछले तीन-चार महीनों से मानदेय न मिलने और बच्चों की संख्या कम होने पर हटाई गई वर्कर्स को पुनः नौकरी पर न लगाने के विरोध में होगा। यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री व निदेशक शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

जिला प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में कर्ण पार्क करनाल में हुई बैठक का संचालन जिला सचिव संतोष ने किया। इस मौके पर शिमला देवी, ओम प्रकाश माटा, सतपाल सैनी और संतोष ने कहा कि वर्कर्स कई महीनों से मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक तंगी से गुजर रही हैं और भुखमरी की कगार पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बजट आने के बावजूद कुक के खातों में मानदेय नहीं डाला जा रहा है। वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा और कई जगह मानदेय में कटौती की जा रही है। यूनियन नेताओं ने कहा कि वर्कर्स से करीब 11 महीने काम लिया जाता है लेकिन उन्हें मानदेय केवल 10 महीनों का ही मिलता है।

## दिल्ली में ट्रैफिकइन्फ्राटेक एक्सपो का गुरुग्राम और करनाल बेल्ट को होगा सीधा लाभ: मानेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा की सड़कों पर रोज़ाना जाम और दुर्घटनाओं की मार झेल रहे लोग अब राहत की उम्मीद कर सकते हैं। राजधानी दिल्ली में 7 से 9 अक्टूबर तक होने जा रहा ट्रैफिकइन्फ्राटेक एक्सपो 2025 स्मार्ट मोबिलिटी और सुरक्षित परिवहन की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस आयोजन में 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियाँ अपनी तकनीकें प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ पार्किंगइन्फ्राटेक एक्सपो और रोडइन्फ्राटेक एक्सपो भी होंगे, जिनका लाभ हरियाणा के शहरों को सीधा मिलेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि दिल्ली से सटे गुरुग्राम और करनाल बेल्ट, जहाँ रोज़ाना हजारों लोग नौकरी, व्यापार और शिक्षा के लिए आवाजाही करते हैं, यहाँ की ट्रैफिक और पार्किंग समस्या का समाधान इन तकनीकों से संभव होगा। हरियाणा के उद्योग और शहर नियोजन से जुड़े अधिकारी भी इस एक्सपो में शामिल होंगे। ऑटोमोबाइल, आईटी, रियल एस्टेट और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियाँ स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट और पार्किंग समाधानों को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाएगी। यह पहल आम नागरिकों की रोजमर्रा की समस्या हल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### मैनेजिंग डायरेक्टर जयप्रकाश ने कहा

गुरुग्राम और करनाल बेल्ट में यातायात की चुनौतियाँ दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। स्मार्ट पार्किंग और एआई आधारित ट्रैफिक समाधान आम लोगों को राहत देंगे। इस आयोजन को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डिजिटल इंडिया, **NHAI** और **CRRI** का सहयोग प्राप्त है। गुरुग्राम की कॉरपोरेट कॉलोनियों और करनाल जीटी बेल्ट पर रहने वाले लोगों की सबसे बड़ी परेशानी ट्रैफिक जाम और पार्किंग है। एक्सपो में प्रदर्शित होने वाली स्मार्ट तकनीकें यदि यहाँ लागू होती हैं, तो न केवल यात्रा आसान होगी बल्कि प्रदूषण घटेगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

## भाजपाइयों ने बुजुर्गों का पटका और पुष्प माला पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारतीय जनता पार्टी के मधुबन मण्डल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को समर्पित सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया।यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे मण्डल के नेतृत्व में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मधुबन मण्डल के गांव बसताड़ा व अमृतपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी लम्बी आयु व अच्छे स्वास्थ की कामना हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने ब्राह्मण धर्मशाला प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण का संदेश दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव के बुजुर्गों को पटका व पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल भाव सेवा ही संगठन है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान मण्डल के अलग अलग गाँव में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम,वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि जनता राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ सके। कार्यक्रम में सतबीर गोस्वामी,अजय राणा, उषा पांचाल, सन्दीप लोहट आदि रहे।



### तरावड़ी में रावण दहन की तैयारिया तेज

तरावड़ी। श्रीराम मेला समिति की ओर से इस बार दशहरा पर्व शहर के गुगा माड़ी के नजदीक रानी तालाब मे माना जायेगा। तालाब समतल रूप देने के लिये नगरपालिका कर्मचारी पिछले 15 दिनों से साफ सफाई का कार्य कर रहे थे। श्रीराम मेला समिति की बैठक गूगा माड़ी पर बुलाई गई। श्रीराम मेला समिति बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार तरावड़ी का दशहरा पर्व ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि 2 अक्तूबर को दशहरा पर्व तरावड़ी के रानी तालाब में धूमधाम से मनाया जाऐगा। विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा, जो पंचायती मंदिर से शुरू होकर मेन बाजार, अंजनथली रोड, नगर खेड़ा से होती हुई रानी तालाब तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां और भक्तिमय झलकियां शामिल होंगी। मेले की सबसे खास बात यह होगी कि पहली बार रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ तीनों पुतलों का दहन किया जाएगा। जिसमे रावण के पुतले की लम्बाई 55 फुट और मेघनाथ, कुंभकर्ण की 50 फुट होगी।

### एसडीएम ने फसल अवशेष न जलाने को लेकर की बैठक

**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय इंद्री में एसडीएम अशोक मुंजाल ने फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कृषि विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। एसडीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिन गांवों में पिछले वर्षों में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं हुई थी, उन गांवों पर विशेष नजर रखें तथा इन गांवों में समय-समय पर पेट्रोलिंग भी करें ताकि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लग सके। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल खोलने की सीएम को भेजा छठा पत्र

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने छठी बार मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेजकर ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल खोलने की मांग की है। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल और प्रदेश महिला प्रधान जसबीर कौर ने बताया कि इससे पहले भी 22 नवम्बर 2023, 16 दिसम्बर 2023, 11 जनवरी 2024, 7 जून 2024 और 25 जुलाई 2024 को इसी मांग को लेकर पत्र भेजे जा चुके हैं।

कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि मुख्यमंत्री ने करनाल में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान विधानसभा चुनाव के बाद शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया।

**किया प्रेरित** | पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

## बेहतर करियर बनाने के लिए छात्रों का कौशल विकास जरूरी : अनुज बंसल

कॉमर्स के विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार संभावनाओं और कौशल विकास पर मार्गदर्शन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल.

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सैल व कॉमर्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की नॉर्दर्न इंडियन रीजनल काउंसिल के अध्यक्ष अनुज बंसल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कॉमर्स के विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार संभावनाओं और कौशल विकास पर मार्गदर्शन दिया। अनुज बंसल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार हासिल करने के लिए कौशल विकास अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों को चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके रिज्यूमे तैयार करने की विधि सिखाई तथा विभिन्न डिजिटल टूल्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वरोजगार की महत्ता पर जोर देते हुए अपनी कंपनी डेबक्योर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की कार्यप्रणाली से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने प्लेसमेंट सैल के सह संयोजक डॉ. सुरेश तुर्का और टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र अरोड़ा, डॉ. कंवरजीत मलिक, डॉ. महिमा राणा, डॉ. मीनू, डॉ. सुनील नरवाल समेत कॉमर्स विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

### दाखिले की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ाई

करनाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। यह जानकारी इग्नू के करनाल स्थित क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह छूट डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर लागू होगी, जबकि सर्टिफिकेट कार्यक्रम इससे बाहर रहेंगे।

### जानकारी दी

डॉ. धर्मपाल ने कहा कि इग्नू कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है, जो गांव और दूरदराज के क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचा रहा है। यहां पढ़ाई सेल्फ लर्निंग मटेरियल, काउंसलिंग सेशन, टेली कॉन्फ्रेंसिंग और फेस टू फेस इंटरेक्शन के माध्यम से होती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी भी इग्नू में बीए, बीकॉम, बीकॉम (एंड एफ), बीएससी, बीसीए, बीलिस, बीटीएस और बीएसडब्ल्यू जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं।

## न्यूज डायरी


तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते सरस्वती स्कूल के बच्चे।

### स्वच्छता बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक

तरावड़ी। शहर में चल रहे हरियाणा स्वच्छता अभियान 2025 के तहत सरस्वती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शहीद भगत सिंह चौक पर स्वच्छता को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया । शहर के लोगों का ध्यान स्वच्छता और साफ सफाई की तरफ आकर्षित हो इस उद्देश्य से इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया । स्कूल के बच्चों ने इस नाटक के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि हमें अपने घर के कूड़े कचरे को व्यवस्थित तरीके से डस्टबिन में डालकर रखना है और जब नगर पालिका की गाड़ी आती है तब यह कचरा इस गाड़ी में डालना है । अपने घर के कचरे को पॉलिथीन में बांधकर नालियों और गलियों में नहीं डालना।



### राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मनाई महात्मा गांधी जयंती

करनाल। राजकीय प्राथमिक पाठशाला सैक्टर 13 करनाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया । जिला कब बुलबुल डी ओ सी अनिल सैनी ने बच्चों को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस 2 अक्तुबर को मनाया जाता है तथा दोनों के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ये दोनों सच्चे राष्ट्र भक्त थे। महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अनिल सैनी ने बताया कि यह एक ऐसी शख्सियत थे जिनका नाम मोहनदास करमचंद गांधी था लेकिन दुनिया भर में महात्मा के नाम से उनको जाना जाता है। जिसका अर्थ होता है महान आत्मा ।



### भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष बनने पर जश्न

करनाल। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय करनाल की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा व दिव्यांशु बुद्धिराजा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए जाने तथा राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जताई और लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा एवं दिव्यांशु बुद्धिराजा ने उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों वरिष्ठ नेताओं की



### जिला न्यायालय परिसर में चलाया सफाई अभियान

करनाल। जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व सभी ज्यूडिशियल मैजिस्टेटस ने स्वच्छता अभियान के तहत गांधी जयंती के उपलक्ष में जिला न्यायालय, परिसर में बुधवार को सफाई कर्मचारियों व सुपरवाइजरों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों व सुपरवाईजरों को गमछा व रिफ्रेशमेंट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने सभी सुपरवाइजरों व सफाई कर्मचारियों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता अभियान में भाग लेने हेतु प्रशंसा की और भविष्य में भी उन्हे इसी प्रकार अपनी सेवाए प्रदान करते रहने के लिए प्रेरित किया।



### श्रीराम का जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणा : प्रह्लाद मिश्र

तरावड़ी। मां अन्नपूर्णा आश्रम में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर स चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिन आश्रम में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए आचार्य प्रहलाद मिश्र रामायणी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने पूरे जीवन काल के दौरान मर्यादा को सर्वोत्तम रखा। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन आज भी हर नागरिक को प्रेरणा देता है। वह आदर्श बेटे, भाई, मित्र रहे। यूं तो रामायण का हर पात्र हमें सामाजिक परंपराओं के लिए प्रेरित करता है। राजा दशरथ का पुत्रों के प्रति प्रेम, भाईयों का आपस में स्नेह, पत्नी का पति के प्रति आदर भाव, मित्र के लिए सर्वस्व बलिदान करने का भाव हमें रामायण में देखने को मिलता है।



### नि:शुल्क दंत जांच व दवा वितरण शिविर

करनाल। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा अर्बन मंडल ने माडल टाउन स्थित सत्या सेवा सदन (श्री सनातन धर्म सती गीता मंदिर) में नि:शुल्क दांतों का चेक-अप और दवाई वितरण शिविर आयोजित किया। शिविर में करीब 50 रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड नंबर-11 के पार्षद संजीव मेहता ने कहा कि भाजपा अर्बन मंडल की ओर से लगाया गया यह शिविर आमजन के लिए काफी लाभदायक साबित हुआ है। उन्होंने मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

## शहरी व ग्रामीण अंचल में पुलिस बल तैनात, नाके लगाए

# दशहरा पर्व के लिए पुलिस ने सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सशक्त किया

**सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में दशहरा पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर तैनात किया गया है। वहीं, थाना प्रभारी व चौंकी इंचार्जों को सर्तकता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। जबकि आमजन की सुरक्षा को देखते हुए विशेष चिन्हित स्थानों पर बैरिगेटिंग सहित नाके लगाए गए हैं। दूसरी ओर, पीसीआर, राइडर व डॉयल 112 की गाड़ियां भी निरंतर अपने क्षेत्र में गश्त कर रही है। शहर में मुख्य बाजारों, चौक-चौराहों सहित होटल, ढाबे, धर्मशाला, मस्जिद इत्यादि स्थानों पर नजर रखने के साथ ही सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन जगहों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति न ठहरे। निगरानी के लिए सिविल पाश्चात में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया हैं। इसके साथ ही पुलिस के जवानों की एक रिजर्व बनाकर पुलिस लाइन में तैनात किया गया है। रिजर्व में तैनात सभी जवान एंटी राइट इक्विपमैंट बॉडी प्रोटेक्टर, केन सिल्ड, लाठी, डंडा, हेल्मेट इत्यादी से लैस होंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया हैं।



- यूपी की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को बाइपास के माध्यम से बाहरी जीटी रोड पर डाइवर्ट किया गया
- बलजीत नगर नाका से शहर की तरफ आने वाले वाहनों को बाइपास से निकाला जाएगा

### इन अधिकारियों के सौंपी जिम्मेदारी

पुलिस कप्तान सिंह ने दशहरा के पावन पर्व पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना माडल टाउन क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स, थाना सेक्टर 13/17 क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक नवीन संधू, थाना तहसील कैंप क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह, थाना चांदनी बाग क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार व उप पुलिस अधीक्षक आत्माराम को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही थाना शहर, किला, समालखा, बापौली, सनौली, इसराना, सदर, पुराना औद्योगिक सेक्टर 29 व मतलौडा में थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### संदिग्ध की जानकारी पुलिस को दें

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला वासियों को दशहरे के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि सभी सौहार्द पूर्ण रुप से पर्व को मनाएं। अगर किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आये तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित थाना या पुलिस कंट्रोल रुम या डायल 112 को दें। सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### दोपहर दो से शाम सात बजे तक रूट डायवर्ट

*विजय दशमी पर्व पर वीरवार को शहर में मुख्य रूप से सेक्टर 13/17, यमुना एन्कलेव, सेक्टर 24, सेक्टर 25, मॉडल टाउन स्थित शिवाजी स्टेडियम व देवी मंदिर में रावण दहन होगा। वहीं, ट्रैफिक थाना प्रभारी सहित जोन इंचार्जों को विशेष रुप से निर्देश दिये गये है कि वे यातायात को निर्बाध रुप से चलाए। दो अक्तूबर को दशहरे पर्व पर दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक उत्तर प्रदेश की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को बाइपास के माध्यम से बाहरी जीटी रोड़ पर डाइवर्ट किया गया है। जीटी रोड मलिक पेट्रोल पंप की ओर से मित्तल मेगा मॉल की तरफ जाने वाले व भारी वाहनों सहित ऑटो रिक्शा इत्यादि के आवागमन पर पाबंदी रहेगी। इसके साथ ही बलजीत नगर नाका से शहर की तरफ आने वाले वाहनों को बाइपास से निकाला जाएगा। दोपहर तीन से शाम साढे छह बजे तक संजय चौक से बलजीत नगर नाका की तरफ जाने वाले वाहनों पर भी पाबंदी रहेगी। दशहरे स्थल के पास बाइक सहित कोई भी वाहन लेकर न जाएं उचित दूरी पर बने पार्किंग स्थल पर ही अपना वाहन पार्क करें।*

- जीटी रोड मलिक पेट्रोल पंप की ओर से मित्तल मेगा मॉल की तरफ जाने वाले व भारी वाहनों सहित ऑटो रिक्शा इत्यादि के आवागमन पर पाबंदी रहेगी

## पर्यावरण को घना कर स्वच्छता को अपनाएं : सिंह



**पानीपत।** नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, मनीष तिवारी ने कहा बताया कि नेस्ले इंडिया ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध के तहत नेस्ले अपनी फैक्टरी स्थलों पर ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाएगा। वहीं, इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बढेंगे। इधर, नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स प्रमुख कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा कि नेस्ले इंडिया की सामाजिक पहलों ने तहत पोषण जागरूकता, शिक्षा, कचरा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता को बढ़ावा देता है। उन्होंने जनता से पर्यावरण को घना करते हुए स्वच्छता को अपनाने की अपील की।

### सच्चाई की जीत का पर्व है

पानीपत। आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रवि शंकर ने कहा कि विजयादशमी का दिन सच्चाई की जीत का है, देव शक्ति की जीत का है। देवासुर संग्राम न केवल संसार में, बल्कि हमारे भीतर भी निरंतर चलता रहता है। इसमें दैवीय गुणों की जीत ही हमारी असली जीत है। तब ही सुख, शांति, समृद्धि और सफलता प्राप्त होती है। यदि आसुरी शक्ति की जीत हो, तो दुख और दरिद्रता फैलती है। इसलिए वैदिक परंपरा में दशहरे के दिन एक-दूसरे को बधाई दी जाती है। स्वस्थ रहें, तृप्त रहें और आपके सभी कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ें।



दयाल सिंह स्कूल में श्रीराम लीला का मंचन करते हुए नन्हें मुन्ने विद्यार्थी।

### डीएसपीएस में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया

**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में शहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल परिसर में दशहरा पर्व के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बुराई पर अच्छाई की विजय व असत्य पर सत्य की जीत के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देना था। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ विनीता तोमर की। इधर, कक्षा नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने रामायण पर आधारित नाटिका एवं लघु प्रस्तुतियां दी। जिनमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया साथ ही बच्चों ने नव दुर्गा अवतार का मनमोहक रूप धारण कर भारत की प्राचीन संस्कृति को आधुनिक मूल्यों से जोड़ते हुए एक शानदार प्रस्तुति दी। इधर, प्रधानाचार्या डॉ विनीता तोमर ने सभी को दशहरा पर्व की बधाई व विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी को हमेशा सच्चाई की राह पर चलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मण मूर्छा लीला का मंचन किया

**पानीपत।** प्रताप रामलीला क्लब ददलाना द्वारा आयोजित रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक समिति अध्यक्ष पानीपत दीपक राणा, समाजसेवी सतबीर शर्मा, गोपाल राणा, चरणजीत राणा, शमशेर राणा, कश्मीरी लाल शर्मा, मजनू रावल, मदन लाल, जजपाल सिंह, प्रवीण कुमार, भगवान दास राणा, सुरेश राणा, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने दशहरे की बधाई दी

**पानीपत।** विजयादशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें इससे प्रेरणा लेकर जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध कर बुराई का अंत करना हमें यह संदेश देता है कि अधर्म चाहे जितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

### वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के मूल्यवान स्तंभ

**पानीपत।** पानीपत में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सिविल अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए समर्पित कार्यक्रम हुआ। जिमसें मुख्य अतिथि के तौर पर सीएमओ डॉ विजय मलिक शामिल हुए, जबकि अस्पताल के स्टाफ ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं डॉ. मलिक ने हमारे वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के मूल्यवान स्तंभ हैं। उनकी सेवा और देखभाल करना हम सबका परम कर्तव्य है।

## बाल श्रम के विरूद्ध जन जागरूकता रैली निकाली

*समाज के प्रत्येक नागरिक को मिलकर इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्रम विभाग की ओर से गत दिवस बाल श्रम के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने हेतु रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सैकड़ों छात्रों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य समाज में यह संदेश फैलाना था कि बाल श्रम एक अपराध है और हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और स्वस्थ जीवन का अधिकार है। वहीं, रैली का शुभारंभ मुख्य डाकघर से शुरू होकर लेबर कालोनी से हुई पुराने औद्योगिक क्षेत्र में संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने हाथों में बाल श्रम बंद करो, हर बच्चा पढ़ेगा, मजदूरी नहीं, शिक्षा चाहिए जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर पैदल मार्च किया। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त विशाल कालिया ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम हमारे समाज पर एक कलंक है। जब तक हर बच्चा स्कूल नहीं जाएगा, तब तक हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। समाज के प्रत्येक नागरिक को मिलकर इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एडवोकेट चंचल डावर, निरीक्षक ललित कुमार, बलजीत, अनिता देवी, नवीन कुमार, दीपक और यति ओवरसीज के एचआर मैनेजर राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

**बाल श्रम हमारे समाज पर एक कलंक है**



बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता रैली निकालते हुए श्रम विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

## मुख्य अतिथि को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया

# राष्ट्रीय आंदोलन है आत्मनिर्भर भारत अभियानः डॉ. मलिक

*छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन को अपनाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता सतीश कुमार स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय सहसंगठक रहे। कॉलेज की प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। प्राचार्या डा.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक आर्थिक नीति ही नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो आत्मगौरव स्वाभिमान और स्वदेशी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन को अपनाएं और देशहित को सर्वोपरि रखें।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान का शुभारंभ करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### आज का युवा ही कल का भारत है : नंदवानी

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को न केवल प्रेरित करते हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विकास में अपनी भूमिका समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि सतीश कुमार ने कहा कि हमारा जीवन तभी संतुलित और राष्ट्र हितकारी होग, जब हम इच्छा से देशी जरूरत में स्वदेशी और केवल मजबूरी में विदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपप्रधान बलराम नंदवानी ने भाषण की शुरुआत प्रेरक नारों से की। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज का युवा ही कल का भारत है। मंच संचालन राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा व उपप्राचार्या डॉ किरण मदान ने किया और स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर डॉ.पूनम मदान, डॉ.गुरनाम सिंह तथा प्रो.अजयपाल और प्रो.खुशबू, डॉ.नीतू भाटिया, प्रो.राहुल कुमार, प्रो.कुलदीप शर्मा व प्रो.पूजा आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में छाए आर्य कॉलेज के विद्यार्थी



**पानीपत।** आर्य कॉलेज की उप प्राचार्या डा.अनुराधा सिंह के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की यूथ एंड रेड क्रॉस इकाई द्वारा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश के वृंदावन शहर में हुआ। शिविर में आर्य कॉलेज के दस विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी व मेडल अपने नाम किए। कॉलेज उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज की वाईआरसी इकाई के प्रभारी डॉ.विजय सिंह व उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उपाचार्या डॉ. सिंह ने बताया कि यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र पुनीत किराडिय़ा ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने गायन में दूसरा स्थान, पीयूष, मोंटी, अमन व सृष्टि ने भी अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग ले कर पुरस्कार जीते।

### संघ के शताब्दी वर्ष का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख प्रदीप कुमार ने बताया कि विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं व संघ शताब्दी वर्ष आरंभ हो रहा है। वहीं, विजयादशमी के पावन अवसर पर और संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर पानीपत जिला में 42 स्थानों पर शस्त्र पूजन व पथ संचलन के कार्यक्रम का आयोजन करेगा। संघ ने भूगोलिक दृष्टि के पानीपत को 42 इकाइयों में विभाजित किया हुआ है। इन्हीं इकाई अनुसार शताब्दी वर्ष कार्यक्रम होने है। जिसमें 12 इकाइयां नगरीय है (पानीपत नगर को 11 इकाई में व एक इकाई समालखा नगर है) और 30 इकाइयां ग्रामीण क्षेत्र की है।

## विदेश में बसे भारतीयों के समर्पित यारी इंटरनेशनल

*बारह अक्तूबर को कुरूक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर होगा विशाल यज्ञ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

यारी इंटरनेशनल, अमेरिका व टीम इंडिया द्वारा बारह अक्तूबर को कुरूक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर विशाल यज्ञ करने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए डा. रणबीर लोहान ने बताया कि कुरूक्षेत्र में यह हवन विदेशों में गए हमारे भारतीयों के अच्छे स्वस्थ और सुरक्षा के लिए और जिनकी विदेशों में मृत्यु हों गई उनकी आत्मिक शांति के लिए और सेना के जवानों के अच्छे स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए और जो शहीद हुए उनकी आत्मिक शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व 8 अक्टूबर को पदल शांति यात्रा रामराय से शुरू करके 12 अक्तूबर को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर सम्पन्न होगी जहां पर शान्ति यज्ञ होगा।



**पानीपत।** यारी इंटरनेशनल, अमेरिका व टीम इंडिया की ओर से प्रेस वार्ता करते हुए डॉ. रणबीर लोहान आदि। फोटो :हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

डा. रणबीर सिंह लोहान ने देश व प्रदेश के उन परिवारों से अपील की कि है कि जिनके नागरिक विदेश गए है या सेना में है अथवा इस दुनिया में नहीं रहे,वह अपने घर से एक मुट्ठी मिट्टी व एक गिलास पानी जरूर साथ लेकर आएं ताकि उसी मिट्टी और पानी से हवन कुंड तैयार करवाए जा सकें। इस अवसर पर संजय शास्त्री, रामबीर फौर, आचार्य जयभगवान, आजाद फौर, पुरूषोत्तम शर्मा, भूपेंद्र फौर, विकास धीमान, श्रीराम शर्मा व मोनू आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा उत्सव मनाते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

### एसडी इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा पर्व की धूम

**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हास्य नाटिका रामपुर की रामलीला का बहुत ही रोचक ढंग से मंचन कर सभी को लोटपोट कर दिया। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों के साथ सभी शिक्षक व शिक्षिकाओ ने विद्यालय मैदान में रावण के पुतले के साथ अपनी बुरी आदतों को जलाकर एक श्रेष्ठ विद्यार्थी बनने की शपथ ली। रामचरित मानस की चौपाइयों के साथ बच्चों को राम रावण युद्ध की झांकी दिखाई गई। विद्यालय प्राचार्या रुचि शर्मा ने सभी को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए अपनी बुराइयों को छोड़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## आईटीआई के प्रांगण में दिन भर चला पौधरोपण कार्यक्रम

# विधायक के जन्मदिन पर 5100 पौधे रोपे

- पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने विधायक की इस अनूठी पहल की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'हरित पानीपत मिशन' के तहत फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के सहयोग से आईटीआई प्रांगण में परिवार के सदस्य धर्मपत्नी नीरू विज, पुत्र राहुल विज एवं पुत्रवधू आशिमा विज के साथ 5100 पौधे लगाकर शहर में 1 लाख पौधे लगाने के अभियान को बढ़ावा दिया है। वहीं पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने विधायक की इस अनूठी पहल की सराहना की एवं पौधे भी सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए सेवा पर्व के तहत एक पेड़ मां के नाम लगाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीतिसेन भाटिया ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाया एवं विज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम में सम्मिलित हुए धर्मगुरुओं स्वामी दयानंद सरस्वती, महंत लोकेशदास महाराज, ब्रह्मऋषि महाराज ने पौधरोपण कार्यक्रम को सनातन परंपरा में प्रभु एवं प्रकृति का प्रिय कार्य बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की।



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज व पूर्व सांसद संजय भाटिया आदि पौधे रोपते हुए।

### ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में पूर्व सांसद संजय भाटिया, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल ढांडा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, नगर निगम महापौर कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, संजय अग्रवाल, विक्रम शाह, अशोक आर्य आदि ने पौधे कर विधायक प्रमोद विज के लिए भगवान से कामना की। वहीं, डीसी वीरेंद्र दहिया, एसपी भूपेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ.पंकज यादव, आईटीआई के प्राचार्य कृष्ण कुमार आदि ने भी प्रमोद विज के साथ पौधे रोपे।

### पराली जलाना दंडनीय अपराध

**पानीपत।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वीरेंद्र दहिया ने पानीपत जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर सभी किसानों/खेती करने वालों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने खेत में बचे हुए पुराल/कृषि अवशेषों को आग न लगाएं। वहीं, आदेशानुसार उपरोक्त आदेश के उल्लंघन के लिए, यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

### नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**समालखा।** हिमगिरी पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान, सेवा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। वहीं नागरिकों से नशे के त्याक करने की अपील की गई। वहीं नशे के विरूद्ध और स्वच्छता के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। वहीं, कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### अवैध कॉलोनियों पर जला पीला पंजा

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने गांव मतलौडा और भालसी में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 एकड़ क्षेत्र में फैली तीन अवैध कॉलोनियों और एक डाई हाउस को ध्वस्त कर दिया। वहीं, राजस्व एस्टेट भालसी और मतलौडा में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद था। तोड़फोड़ अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इधर, टीडीपी सुमित मलिक ने आम जनता से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें, क्योंकि इससे उन्हें ही नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलोनाइजर पैसा बटोरकर निकल जाते हैं, लेकिन आम आदमी को परेशानी उठानी पड़ती है।

### सीमा बनी संगठन मंत्री

**पानीपत।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए पानीपत कार्यकारिणी में सीमा जून को संगठन मंत्री एवं पूनम पुनिया को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव ऊषा सैनी, मेघा तनेजा, जिला अध्यक्ष नीलम गखड़, बबीता भारद्वाज, मीनू अहलावत गुलशन हंस आदि उपस्थित रहे।

# नन्हे छात्रों ने कार्यक्रम में दिखाई शानदार प्रतिभा और पुलिस डीएवी स्कूल में मनाई दशहरा व गांधी जयंती

## बच्चों के साथ मिलकर रावण का दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया

**मनमोहक पोशाको में सजे नन्हे-मुन्ने**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में गांधी जयंती और दशहरा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी जयंती वाले दिन देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन भी मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री के विषय में बताया गया। गांधी को राष्ट्रपिता भी कहा जाता है और उन्होंने भारत की आजादी के लिए बहुत संघर्ष किया। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बापूजी के तीन बंदर जो इस और संकेत करते हैं बुरा ना सुनो, बुरा ना बोलो, बुरा ना देखो बच्चों को इस विषय पर जानकारी दी गई और गांधी जी से संबंधित कविताएं बच्चों ने सुनाई। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के बच्चों ने मां तुझे पुकारे तथा वही यूकेजी के बच्चों ने गांधी का नाम बड़ा है सॉन्ग पर सुंदर प्रस्तुति दी और एल के जी के बच्चों ने बापूजी के देश प्रेम को सॉन्ग के माध्यम से बताया। दशहरे के ऊपर भी बच्चों ने बहुत-बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। दशहरे के दिन श्री राम ने रावण का दहन किया था। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

बच्चे रामायण के अलग अलग चरित्र की वेशभूषा में आये जो कि मन को मोह रहे थे। बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान तथा रावण आदि बन कर आये। जहां छोटे-छोटे नर्सरी के बच्चों ने डांस प्रस्तुति दी। तो वही यूकेजी के बच्चों ने संपूर्ण रामायण नाटिका के माध्यम से दिखाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। बच्चों ने इस तरह से रामायण की प्रस्तुति दी कि ऐसा लगा जैसे साक्षात रामायण चल रही हो। एल के जी के बच्चों ने भगवान राम और हनुमान जी के प्रति प्रेम भाव को दर्शाते हुए सॉन्ग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा।



**अंबाला।** रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रधानाचार्य ने बच्चों को गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की तथा बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और भगवान राम के पद चिन्हों पर चलने का आशीर्वाद दिया और बच्चों के साथ मिलकर रावण का दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम बड़े उत्साह से देखा और इंजॉय किया। इस दौरान सभी ने बच्चों की प्रस्तुति को जमकर सराहा। उनकी प्रस्तुति को देखकर बार-बार सभी तालियां बजाकर उत्साह वर्धन करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 30 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 सितंबर 2025 को गांव रतनगढ़ जलबेडा रोड में स्थित उसके घर से सामने से आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर एवीटी सैल ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### शराब तस्करी में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित को 150 पव्वे अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस दल को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी मोहित अवैध शराब बेचने और रखने का कार्य करता है। पुलिस दल ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को 150 पव्वे अवैध शराब सहित काबू कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया।

### जेल से फरार बंदी को किया काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज बंदी अधिनियम के मामले में पुलिस ने 30 सितंबर 2025 को सीआईए-1 ने जेल से फरार बंदी आरोपी अजय कुमार को काबू कर लिया है। उप-अधीक्षक केंद्रीय कारागार ने 27 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि बंदी आरोपी अजय कुमार बिजली गुल होने का फायदा उठाकर जेल से फरार हो गया है। सीआई ने अब जेल से फरार बंदी को जिरकपुर से काबू किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### आईटीआई के 75 छात्रों ने किया भ्रमण

**शहजादपुर।** राजकीय आईटीआई भारांपुर के 75 छात्र-छात्राओं ने संस्थान के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थान राम मुलख कॉलेज ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन, खोरा-भूरा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने वहां की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रयोगशालाओं तथा अधिगम की नवीन तकनीकों का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना था।

## रात्रि ठहराव के कार्यक्रम में पंचायत के आग्रह को डीसी ने मंजूर किया

# शहीद नरेश कुमार के नाम पर होगा पतरेहड़ी के सरकारी स्कूल का नाम

◀ राज्य सरकार से मांगी जाएगी परमिशन

◀ 50 से ज्यादा ग्रामीणों ने रखी शिकायतें, सभी के समाधान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने गांव पतरेहड़ी में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में शिरकत की। यहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

कई शिकायतों का समाधान वहीं पर कर दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शहीद नरेश कुमार की माता कमला देवी को शाल भेंट कर सम्मानित किया ओर उनके चरण छू कर आशीर्वाद लिया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि उन्हें शहीद नरेश कुमार के गांव में आकर गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों एवं गांव के पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम शहीद नरेश कुमार के नाम पर करवाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि "हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रशासनिक अधिकारी गांवों में जाकर लोगों से आमने-सामने मिलें, उनकी वास्तविक समस्याओं को जानें और समाधान करें। उन्होंने कहा कि गांवों की समस्याएं और जरूरतें गांव में आकर जब हम लोगों से सीधे संवाद करते हैं तो हमें उनकी कठिनाइयों और जमीनी हकीकत का सही आकलन मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण विकास को गति देते हैं और सरकार की पारदर्शी छवि को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि "सभी लोग सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। सरकार का लक्ष्य हर नागरिक तक योजनाओं को पहुंचाना है। प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गांव की सरपंच गुरशरणी देवी व उनके पति कंवरपाल ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम शिवजीत भारती को फूलों का गुलदस्ता व स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत द्वारा गांव की प्रमुख समस्याओं व विकास संबंधी मांगें डीसी के समक्ष रखीं।



**शहजादपुर।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी जानकारी

*कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकासात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा स्वरोजगार योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों व आस पास की ग्राम पंचायतों ने विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 50 समस्याएं रखी जिनमें बिजली से संबंधित, बारिश के दौरान पानी की निकासी की समस्या एवं नाला निर्माण करवाने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नाजायज कब्जा हटवाने, परिवार पहचान पत्र में आय अधिक होने, बिजली खंबा एवं लाइन हटवाने, गली एवं नाला बनवाने, निशान देही शामिल रही। अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित पतरेहड़ी गांव के काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर सचिव आरटीए सुशील कुमार, डिप्टी सीईओ जिला परिषद राजन सिंगला, डीएसपी सूरज चावला, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, नायब तहसीलदार अमित वर्मा तथा बीडीपीओ शबनम रेलन समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*

## अंबाला छावनी की घटना

# अचानक लगी आग से दुकान में मची भगदड़

**फायर ब्रिगेड ने कुछ देर में ही आग पर पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में बुधवार दोपहर एक दुकान में अचानक आग लग गई। आग दुकान में ही काम कर रहे स्टाफ और कुछ ग्राहक मौजूद होने के दौरान भड़क गई। घटनास्थल पर हल्का धुआं उठता दिखाई दिया, जिससे सभी के बीच अफरातफरी मच गई। दुकान के स्टाफ और वहां मौजूद ग्राहक तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर भागे और बाहर आकर मदद की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग के फैलने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड ने समय रहते मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों के अनुसार, कोई बड़ी संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी के घायल होने की सूचना मिली है।

दुकान में काम करने वाले स्टाफ ने बताया कि दोपहर सामान्य काम चल रहा था, तभी अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग फैलने लगी। उन्होंने कहा कि अगर स्टाफ और ग्राहक तुरंत बाहर नहीं निकलते, तो नुकसान और बड़ा हो सकता था।



### सतर्क रहें: पंकज

मुख्य अग्निशामन अधिकारी पंकज पाराशर ने बताया कि आग लगने के समय दुकान में कई उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक सामान लगे थे, जिससे आग फैलने की आशंका थी। उन्होंने सभी दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे अपने व्यापारिक स्थलों में नियमित रूप से विद्युत उपकरणों की जांच करें और शॉर्ट सर्किट जैसी संभावित घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहें।

### यमुनानगर के सीएमओ डॉ. मंजीत का हुआ अंतिम संस्कार, बेटे ने दी मुखाग्नि

**कुरुक्षेत्र।** यमुनानगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह के पार्थिव शरीर बुधवार को कुरुक्षेत्र जिले के शांति नगर, कुरड़ी स्थित स्वर्गधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुबह करीब 9.45 बजे सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह की बॉडी एम्बुलेंस में उनके नाना के गांव शांति नगर कुरड़ी पहुंची। आखिरी दर्शन के बाद उनके परिजन उनको गांव के स्वर्गधाम लेकर आए, जहां पूरे क्रिया कर्म के बाद उनके बेटे सात्विक ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और जींद से हेल्थ डिपार्टमेंट के लोग उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। डीजी हेल्थ डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश सभरवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. जगमिंद्र मलिक, एलएनजेपी अस्पताल के पूर्व एमएस डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली, डॉ. एनपी सिंह, पीएमओ यमुनानगर डॉ. जितेंद्र कुमार ने भी उनको श्रद्धांजलि दी।

**शहजादपुर में अनाज मंडी का निरीक्षण करतीं एसडीएम**



**शहजादपुर।** एसडीएम अनाज मंडी का निरीक्षण कर धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए।

# मंडी में 60,007 क्विंटल धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

एसडीएम शिवजीत भारती ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी अधिकारियों, खरीद एजेंसी के अधिकारियों, किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। निरीक्षण के क्रम में एसडीएम ने मंडी की पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था तथा साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने धान की बोरियों का वजन चेक किया जो निर्धारित मानकों के अनुसार सही पाया गया।

मार्किट कमेटी के सचिव अफसर ने बताया कि धान खरीद के उपरांत एक बोरी का कुल वजन 38 किलो 200 ग्राम होना चाहिए, जिसमें 37 किलो 500 ग्राम धान व 700 ग्राम बोरी का वजन निर्धारित है। एसडीएम ने मंडी में स्थापित हेल्प डेस्क, गेट पास व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। मार्किट कमेटी कार्यालय में लगे एलईडी स्क्रीन पर उन्होंने मंडी और खरीद केंद्र कड़ासन में लगाए गए सीसीटीवी की कार्यप्रणाली देखी।

किसानों व आढ़तियों से संवाद के दौरान एसडीएम ने कहा कि किसान और आढ़ती एक सिक्के के दो पहलू हैं। कृषि अर्थव्यवस्था इन दोनों के आपसी सहयोग पर निर्भर है, इसलिए आपसी विश्वास और संतुष्टि बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान की फसल पूरी तरह पकने के बाद ही काटें और जहां तक संभव हो धान को सुखाकर ही मंडी में लाएं।

### 58,000 क्विंटल की खरीद पूरी

आढ़ती राजकुमार कलोहा, पंकज मित्तल तथा रामकुमार बंसल ने एसडीएम को बताया कि अधिक नमी वाला धान आने से खरीदी प्रक्रिया में दिक्कत आती है। इस पर एसडीएम व आढ़तियों ने किसानों से आग्रह किया कि वे सूखा और मानक अनुसार धान ही मंडी में लाएं, ताकि समय की बचत हो और व्यवस्थाएं प्रभावित न हों। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन गोपाल मित्तल, वाइस चेयरमैन जगदीप सिंह, सचिव अफसर, सुपरवाइजर राजेश रानी, ऑक्शन रिकॉर्डर राकेश कुमार, रफीक सहित आढ़ती व किसान मौजूद रहे। मार्केट कमेटी सचिव अफसर ने जानकारी दी कि 30 सितंबर तक मंडी में 60,007 क्विंटल धान की आवक हुई है, जिसमें से 58,000 क्विंटल धान की खरीद एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा चुकी है।

### मामूली विवाद में फायरिंग, भागकर बचाई जान

**अंबाला।** माजरा गांव स्थित टाइल फैक्टरी के मालिक के दोस्त ने आनंद नगर के रहने वाले कुलविंद्र सिंह पर फायरिंग कर दी। कुलविंद्र सिंह ने भागकर अपनी जान बचाई। थोड़ी देर बाद ही डायल-112 को बुलाने के बाद दोबारा फैक्टरी में जाकर गोली का खोल बरामद करवाया। पीड़ित ने बताया कि दोस्त की शादी के बाहर एक ट्रक फंस गया था। उसे निकालते समय फोन ट्रक में ही रह गया था। वह ट्रक का पीछा करते हुए फैक्टरी में पहुंचे तो मालिक ने बहस शुरू कर दी। देखते ही मालिक के दोस्त ने हवाई फायर कर दिया। महेश नगर थाना पुलिस ने कुलविंद्र सिंह की शिकायत पर उत्तराखंड के अक्षय पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। थाने से ही आरोपी को जमानत मिल गई। महेश नगर थाना प्रभारी जितेंद्र का कहना है कि व्यक्ति ने जिस पिस्टल से फायर किया था वो लाइसेंसी थी। वो भी जब्त कर ली गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मोदी के जन्मदिन से चले सेवा पखवाड़े में लगे शिविरों में 353 ने किया रक्तदान

# मंत्री विज बोले-रक्तदान में लोगों ने उत्साह के साथ की हिस्सेदारी सेहत की जांच करवाने के लिए भी शिविरों में लोगों का तांता

शास्त्री मंडल ने शहीद स्मारक के पास 320 वृक्ष रोपित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की 2 अक्तूबर को जयंती तक भाजपा द्वारा अंबाला छावनी में चलाए गए सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए समाज सेवी कार्यों में बढ़चढ़कर भागेदारी की। विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने अंबाला छावनी में समाज सेवा क्षेत्र में नए आयामों को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चारों मंडलों जिनमें सदर मंडल, महेशनगर मंडल, शास्त्री मंडल व ग्रामीण मंडल में रक्तदान व स्वास्थ्य चेकअप शिविरों के अलावा नमोवन कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया था। इसके अलावा सफाई अभियान भी भाजपा द्वारा चलाए गए थे जिनमें कार्यकर्ताओं के अलावा जनभागीदारी भी रही। उन्होंने बताया कि चारों मंडलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया था और इन शिविरों में बढ़ चढ़कर नागरिकों ने हिस्सा लिया। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को देखते हुए 75 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया था मगर कार्यकर्ताओं व लोगों के उत्साह के कारण इससे कई ज्यादा रक्त शिविरों में एकत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि चारों मंडलों में लगाए गए रक्तदान शिविर में कुल 353 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए जिनमें कुल 1468 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इसी प्रकार नमोवन कार्यक्रम के तहत मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर 75 वृक्ष लगाने का लक्ष्य था, लेकिन मंडलों में ज्यादा वृक्ष लगाए गए और चारों मंडलों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कुल 610 वृक्ष लगाए गए।



**अंबाला** शिविर के दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

### शिविर में 313 की जांच

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि सदर मंडल द्वारा 12 क्रास रोड पर जाटव धर्मशाला में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 305 लोगों की जांच की गई। महेशनगर मंडल द्वारा हरि नगर गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 313 लोगों की जांच हुई। शास्त्री मंडल द्वारा मच्छौंडा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 405 लोगों की जांच हुई जबकि ग्रामीण मंडल द्वारा श्याल नगर में आयोजित शिविर में 445 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंनेबताया कि नमोवन कार्यक्रम में सदर मंडल द्वारा तोपखाना झील के पास 135 वृक्ष रोपित किए गए। इसी तरह महेशनगर मंडल द्वारा इंडस्ट्री एरिया में 80 वृक्ष रोपित किए गए, शास्त्री मंडल द्वारा शहीद स्मारक के पास 320 वृक्ष रोपित किए जबकि ग्रामीण मंडल द्वारा पंजोखरा साहिब में 75 वृक्ष रोपित किए गए।